उद्योग मित्र

उद्योग विभाग, बिहार, पटना।

पत्रांक 2533/um /पटना, दिनांक 16.10.2024

संचिका सं०- UM/IITF-2024/F/470/2024 दि० 30.09.2024

प्रेषक,

निखिल धनराज निप्पाणीकर,
भा०प्र०से०
निदेशक, हस्तकरघा एवं रेशम
–सह–नोडल पदाधिकारी IITF–2024

सेवा में,

निदेशक,
उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान
पाटलीपुत्रा, पटना।

विषय : भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला (14–27 नवम्बर)–2024 बिहार मंडप, प्रगति मैदान, नई दिल्ली आयोजन में स्टाल आवंटन हेतु पोर्टल के माध्यम से आवेदन प्राप्त करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गेनाइजेशन, भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा आयोजित भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला (14–27 नवम्बर)–2024 में बिहार सरकार पार्टनर स्टेट के रूप में भाग ले रहा है। उक्त आयोजन के अंतर्गत बिहार मंडप में भागीदारी हेतु राज्य के हैण्डलूम, हैण्डीक्राफ्ट्स, खाद्य प्रसंस्करण, लघु एवं मध्यम उद्योग प्रक्षेत्र में कार्य कर रहे इच्छुक बुनकरों/शिल्पकारों/उद्यमियों से आवेदन संस्थान के पोर्टल के माध्यम से प्राप्त करने का निर्णय लिया गया है। स्टॉल आवंटन की सूचना, निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के माध्यम से भी प्रकाशित करायी जा रही है। स्टॉल आवंटन से संबंधित सूचना की प्रति पत्र के साथ संलग्न है।

अतः अनुरोध है कि अपने पोर्टल के माध्यम से भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला (14–27 नवम्बर)–2024 बिहार मंडप, प्रगति मैदान, नई दिल्ली आयोजन में स्टॉल आवंटन हेतु आवेदन प्राप्त करने की कार्रवाई की जाए।

अनुलग्नक– यथोक्त।

विश्वासभाजन

16/X

(निखिल धनराज निप्पाणीकर)

D:\Pankaj C1\IITF – 2024\Letter.docx (13)

बिहार सरकार
उद्योग विभाग,
उद्योग मित्र, इंदिरा भवन, बिहार, पटना।

भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला (14–27 नवम्बर)–2024
बिहार मंडप, प्रगति मैदान, नई दिल्ली।

स्टॉल आवंटन की सूचना

बिहार सरकार, उद्योग विभाग, पटना द्वारा इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गेनाइजेशन, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा आयोजित भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला (14–27 नवम्बर)–2024 प्रगति मैदान, नई दिल्ली आयोजन में भाग लिया जाना है। इस आयोजन के अंतर्गत बिहार मंडप, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में विक्रय स्टॉल लगाने हेतु राज्य के इच्छुक हस्तकरघा/हस्तशिल्प/खादी/पैक्ड खाद्य सामग्री एवं अन्यान्य प्रक्षेत्र में कार्यरत बुनकरों, शिल्पकारों, लघु उद्यमियों से उनके द्वारा निर्मित सामग्रियों की प्रदर्शनी एवं बिक्री हेतु आवेदन आमंत्रित है। आवेदन उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान, उद्योग विभाग, पाटलिपुत्र, पटना के पोर्टल https://umsas.org.in के माध्यम से किया जा सकता है। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 28.10.2024 तक है। स्टॉल का आवंटन निम्नांकित शर्त्त पर किया जाएगा :–

1. बिक्री/प्रदर्शनी हेतु उत्पादित सामग्री उत्कृष्ट कोटि एवं बिहार राज्य के अंतर्गत निर्मित होनी चाहिए।
2. चयनित स्टॉल आवंटियों को स्टॉल पर स्वयं की उपस्थिति अनिवार्य होगी, स्टॉल पर एक अन्य सहयोगी की भी सेवा ली जा सकती है।
3. स्टॉल का आवंटन निःशुल्क होगा, इसके अतिरिक्त अन्य कोई सुविधा देय नहीं है।
4. मेला अवधि सामान्यतः प्रातः 10:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक निर्धारित है। स्टॉल प्रतिदिन प्रातः 9:30 बजे तक प्रदर्शनी/बिक्री हेतु पूर्णतः तैयार होनी चाहिए।
5. स्टॉल धारकों को अपने स्टॉल के आस–पास के साफ–सफाई पर विशेष ध्यान देना अनिवार्य होगा।
6. स्टॉल धारकों को बिक्री की गई सामग्रियों की मनी–रसीद क्रेता को देनी होगी।
7. स्टॉल का आवंटन गठित समिति के द्वारा किया जाएगा एवं समिति का निर्णय अंतिम रूप से मान्य होगा।
8. स्टॉल धारकों को ITPO द्वारा निर्गत दिशा–निर्देश तथा मेला प्रभारी, कैम्प कार्यालय द्वारा समय–समय पर दिए गए निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।
9. चयनित स्टॉल धारकों को स्टॉल आवंटन की सूचना वेबसाइट के माध्यम से दी जाएगी।

निदेशक
हस्तकरघा एवं रेशम–सह–
नोडल पदाधिकारी–IITF–2024
उद्योग विभाग, बिहार, पटना।

D:\Pankaj C1\IITF – 2024\Letter.docx (7)